## भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (का.हि.वि.), वाराणसी।

## हिन्दी पखवाड़ा (सितंबर 04-19, 2019)

संस्थान में हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन दिनांक 04.09.2019 से दिनांक 19.09.2019 तक किया गया। हिन्दी पखवाड़ा के दौरान निम्नलिखित आयोजन किये गए-

1. **हिन्दी पखवाड़ा का उदघाटन :**

   संस्थान में हिन्दी पखवाड़ा (सितंबर 04-19, 2019) के अंतर्गत दिनांक 0 4.09.2019 को एनी बेसेंट व्याख्यान कक्ष संकुल में हिन्दी पखवाड़ा के उदघाटन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उदघाटन संस्थान के निदेशक महोदय आचार्य प्रमोद कुमार जैन द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान के संयुक्त कुलसचिव ने वर्ष 2018-19 के दौरान हिन्दी में किए गये कार्यों की आख्या प्रस्तुत की। इस अवसर पर निदेशक महोदय द्वारा संस्थान कर्मचारियों को कार्यालयी कार्य अधिकाधिक हिन्दी में करने हेतु अपील जारी की ग ई। साथ ही श्री जगदीश नारायण राय , संयोजक, केंद्रीय सचिवालय हिन्दी परिषद , वाराणसी द्वारा प्रतिभागियों को संघ की राजभाषा नीति एवं उसके कार्यान्वयन के बारे में बताया गया।

2. **"राजभाषा हिन्दी का उन्नयन एवं चुनौतियाँ" विषय पर निबंध प्रतियोगिता:**

   **दिनांक 04.09.2019 से 08.09.201 9** के मध्य "राजभाषा हिन्दी का उन्नयन एवं चुनौतियाँ" विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन निम्नलिखित चार वर्गों में किया गया :

   क) शैक्षणिक

   ख) गैर-शैक्षणिक

   ग) विद्यार्थी

   उक्त निबंध ई-मेल के माध्यम से संस्थान के राजभाषा प्रकोष्ठ को प्रेषित करने हेतु शैक्षणिक , गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों से अनुरोध किया गया। जिसमें गैर-शैक्षणिक से 14 एवं विद्यार्थियों से 09 निबंध प्राप्त हुए।

3. **हिन्दी पुस्तकों की प्रदर्शनी:**

   **दिनांक 04.09.2019** को संस्थान के मुख्य ग्रंथालय में हिन्दी पुस्तकों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उक्त प्रदर्शनी संस्थान के छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों के लिए बहुत उपयोगी साबित हुई।

4. **हिन्दी टिप्पण लेखन, पत्राचार एवं शब्द-ज्ञान प्रतियोगिता:**

   **दिनांक 06.09.201 9** को हिन्दी टिप्पण लेखन , पत्राचार एवं शब्द-ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन एनी बेसेंट व्याख्यान कक्ष संकुल में किया गया , जिसमें कुल 18 गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों ने भाग लिया।

5. **यूनिकोड के माध्यम से हिन्दी टंकण प्रतियोगिता:**

**दिनांक 09.09.2019** को संस्थान के प्रथम वर्ष संगणक प्रयोगशाला , यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग में यूनिकोड के माध्यम से हिन्दी टंकण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कुल 14 गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों ने भाग लिया।

6. **हिन्दी दिवस समारोह:**

**दिनांक 19.09.2019** को संस्थान में हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन एनी बेसेंट व्याख्यान कक्ष संकुल में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पं0 मदन मोहन मालवीय जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। आचार्य सुशांत कुमार श्रीवास्तव , भैषजकीय अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी विभाग एवं अध्यक्ष , हिन्दी पखवाड़ा आयोजन समिति ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों एवं सहभागियों का स्वागत किया।
कुलसचिव महोदय ने हिन्दी पखवाड़ा की अवधि में संस्थान में दिनांक 04.09.2019 से 19.09.2019 के मध्य आयोजित कार्यक्रम व प्रतियोगिताओं की आख्या प्रस्तुत की।
तत्पश्चात आचार्य सुशांत कुमार श्रीवास्तव ने माननीय गृह मंत्री जी का हिन्दी दिवस के अवसर पर जारी संदेश का पाठन किया।
इसके बाद आचार्य अनिल कुमार त्रिपाठी , उपाध्यक्ष, राजभाषा कार्यान्वयन समिति ने विश्व स्तर पर हिन्दी के बढ़ते प्रयोग एवं प्रत्येक क्षेत्र में इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला।

**पुरस्कार वितरण**

कार्यवाहक निदेशक महोदय ने दिनांक 04.09.2019 से दिनांक 19.09.2019 के मध्य आयोजित सभी प्रतियोगिताओं के प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय निम्नलिखित विजेता कर्मचारियों को पुरस्कृत किया :

- दिनांक 06.09.2019 को आयोजित हिन्दी टिप्पण लेखन , पत्राचार एवं शब्द-ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त सुश्री आरती गुप्ता , कनिष्ठ अधीक्षक , स्थापना अनुभाग , द्वितीय स्थान प्राप्त श्री रवि गर्ग, कनिष्ठ सहायक , गोपनीय इकाई एवं तृतीय स्थान प्राप्त श्री विकास प्रजापति, कनिष्ठ सहायक, वेतन अनुभाग को पुरस्कृत किया गया।

- दिनांक 09.09.2019 को आयोजित यूनिकोड के माध्यम से हिन्दी टंकण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त श्री अंकित जैन , कनिष्ठ सहायक , संस्थान निर्माण विभाग , द्वितीय स्थान प्राप्त सुश्री आरती गुप्ता , कनिष्ठ अधीक्षक, स्थापना अनुभाग एवं तृतीय स्थान प्राप्त श्री संदीप प्रजापति, कनिष्ठ सहायक, निदेशक के निजी सचिव अनुभाग को पुरस्कृत किया गया।

- दिनांक 04.09.2019 से दिनांक 08.09.2019 के मध्य आयोजित " राजभाषा हिन्दी का उन्नयन एवं चुनौतियाँ" विषय पर निबंध प्रतियोगिता के गैर-शैक्षणिक कर्मचारी वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त श्री महेन्द्र कुमार पटेल , वरिष्ठ तकनीशियन , पदार्थ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

स्कूल, द्वितीय स्थान प्राप्त श्री आशीष कुमार श्रीवास्तव , कनिष्ठ सहायक, संस्थान निर्माण विभाग एवं तृतीय स्थान प्राप्त सुश्री प्रगति गुप्ता , कनिष्ठ सहायक , स्थापना अनुभाग व श्री नफीस अख्तर, कनिष्ठ सहायक, कटौती अनुभाग तथा विद्यार्थी वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त श्री साकेत बिहारी , बी.टेक (चतुर्थ वर्ष) , रासायनिक अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी विभाग , द्वितीय स्थान प्राप्त श्री रोहित त्रिपाठी , बी.टेक (द्वितीय वर्ष) , यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग व तृतीय स्थान प्राप्त श्री अमन श्रेष्ठ , बी.टेक (चतुर्थ वर्ष) , इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी विभाग को पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर संस्थान के कार्यवाहक निदेशक महोदय ने अपना संबोधन प्रस्तुत किया , जिसमें उन्होंने कर्मचारियों को अधिकाधिक हिन्दी में कार्य करने की अपील की।

हिन्दी दिवस समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो0 अनिल कुमार त्रिपाठी , निदेशक, विज्ञान संस्थान, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय ने व्याख्यान दिया । उन्होंने बताया कि हिन्दी भाषा हमारे सभ्यता की पहचान है। ये सभी को जोड़ती है। हिन्दी भाषा गंगा नदी के समान है और अन्य भारतीय बोलियाँ इसकी सहायक नदियां हैं। कई संस्थानों में आयोजित होने वाले सम्मेलनों एवं संगोष्ठियों में विज्ञान विषय पर व्याख्यान हिन्दी में ही होता है। हमें हिन्दी में और अधिक कार्य करने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम का समापन संस्थान के संयुक्त कुलसचिव (प्रशासन) श्री राजन श्रीवास्तव के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।